भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1338
उत्तर देने की तारीख-27/07/2026

पेद्दापल्ली और मंचेरियल में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना

†1338. **श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पेद्दापल्ली और मंचेरियल में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो वर्तमान स्थिति और इंगित की गई कमियों के साथ-साथ अपेक्षित स्वीकृति समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के दौरान इन विद्यालयों को स्वीकृत किए जाने की संभावना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): नवोदय विद्यालय योजना के तहत देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय (एनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। नए नवोदय विद्यालयों को खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो जब तक स्थायी भवन का निर्माण नहीं हो जाता तब तक संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की स्थायी भवन के निर्माण के लिए निशुल्क अपेक्षित उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने और विद्यालय के संचालन के लिए आवश्यक अस्थायी भवन को किराए से मुक्त करके उपलब्ध कराने की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवोदय विद्यालयों की स्वीकृति और उद्घाटन मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। तेलंगाना के पेद्दापल्ली तथा मंचेरियल जिलों में वर्तमान में कोई नवोदय विद्यालय नहीं है। आज की तारीख तक, तेलंगाना के 16 जिलों में 16 नवोदय विद्यालयों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से 15 नवोदय विद्यालय कार्यात्मक हैं।

*****